गायत्री शक्तिपीठ और प्रज्ञापीठ पर सामूहिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति

देवास । गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19 से 27 मार्च तक चौत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 27 मार्च रामनवमी को प्रातरू 09 बजे से श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी, वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं देवआव्हान व देवपूजन कर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत हुई जिसमें दीक्षा, अन्नप्राशन, यज्ञोपवीत सहित विभिन्न संस्कार हुए ।

सुबह 11.30 बजे अनुष्ठान व गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई पश्चात भगवान श्रीरामजी का जन्मोत्सव मनाकर महाप्रसाद का वितरण किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ परिजन सुभाष जैन ने भगवान श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मातृ जन्म शताब्दी के बारे में विस्तार से बताया । इस अवसर पर भारतसिंह बनाफर, कांतिलाल पटेल, शिवनारायण सोलंकी, कैलाशसिंह ठाकुर, विक्रमसिंह राजपूत, गणेशचन्द्र व्यास, देवकरण कुमावत, मुनीश नामदेव, महेन्द्र राठौर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित थे । उपस्थित परिजनों ने महाप्रसाद का लाभ लिया । महायज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ की देवकन्याओं ने किया एवं संस्कारों का संचालन रामनिवास कुशवाह ने किया तथा अन्त में आभार जिला समन्वयक बी. एल. खंडेलवाल ने माना।

इसी प्रकार गायत्री प्रज्ञापीठ विजयनगर का 19 वाँ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं सामूहिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति संरक्षिका दुर्गा दीदी के सानिध्य में 27 मार्च रामनवमी को सम्पन्न हुई जिसमें प्रातरू 8.30 बजे से पंचकुंडीय महायज्ञ के साथ दीक्षा, पुंसवन सहित विभिन्न संस्कार हुए । महायज्ञ पूर्णाहुति के पश्चात भगवान श्रीरामचंद्रजी का जन्मोत्सव मनाया गया पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया । कर्मकाण्ड का संचालन महेश आचार्य, ज्ञानदेव बोडखे व प्रखर पोरवाल ने किया । उपस्थित सभी परिजनों ने एक दूसरे को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम में ब्रजमोहन विजयवर्गीय, विजेन्द्रसिंह बेस, शेषनारायण परमार, अयोध्या दुबे, आर. सी. पालीवाल, स्नेहलता पोरवाल, सुशीला परमार, वन्दना पाटीदार, राधा राठौर, सुभाष धोते, अरुणेंद्र सोनी, प्रदीप दुबे, सीमा चौहान, अनीता झाला, मंजुला सोनी, अनीता पांचाल, सीमा चौधरी, उमा यादव, चंचल यादव का विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महायज्ञ व प्रसादी का लाभ लिया । अन्त में आभार गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेंद्र पोरवाल ने माना ।

अंकित उइके मौत मामले में वनकर्मियों पर हत्या का केस

देवास/लोहारदा। करीब डेढ़ महीने पहले वन विभाग की कार्रवाई के बाद घायल हुए आदिवासी युवक अंकित उइके की मौत के मामले में अब बड़ा कानूनी मोड़ आ गया है। लंबे इंतजार के बाद 24 मार्च को कांटाफोड़ थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। इस पूरी एफआईआर की कॉपी स्वयं परिजनों द्वारा उपलब्ध कराई गई, जिसके आधार पर कई अहम तथ्य सामने आए हैं।

परिजनों के अनुसार, एफआईआर में वही बातें सामने आई हैं जो वे पहले दिन से कहते आ रहे थे कि 13 जनवरी को वन विभाग की कार्रवाई के दौरान अंकित के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। थाना प्रभारी के.एस. परस्ते द्वारा दर्ज इस प्रकरण में वन विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर धाराओं के तहत मामला कायम किया गया

है। मर्ग जांच के बाद एफआयआर दर्ज, 12 फरवरी 2026 को सीएचसी सतवास में अंकित उइके को मृत अवस्था में लाया गया था। प्रारंभ में मर्ग (अप्राकृतिक मृत्यु) कायम कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान मृतक के परिजनों—पिता बलराम उइके, माता सुभद्रा (सोदरा) बाई उइके एवं भाई अतुल—के बयान दर्ज किए गए। परिजनों ने स्पष्ट आरोप लगाया कि 13 जनवरी 2026 को सिंगोड़ी-कांटाफोड़ मार्ग पर वन विभाग द्वारा वाहन पकड़ने के दौरान अंकित के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हुआ और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में निम्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया हैः धारा 105बीएनएस (आपराधिक मानव वध) धारा 238(बी) बीएनएस (साक्ष्य छुपाना/विलोपन) एस/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(1) जांच में यह भी सामने आया कि शाहरुख और अकरम पिता शहाबुद्दीन (दोनों निवासी लोहारदा) ने इलाज के दौरान वास्तविक घटना छुपाकर घर में झगड़े की झूठी कहानी बताई, जिससे साक्ष्य को प्रभावित किया। इन दोनों पर भी साक्ष्य छुपाने की धारा लगाई है।

पहले छुपाया गया सच?

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि 19 जनवरी को जब अंकित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब वास्तविक घटना को छुपाने की कोशिश की गई थी। इसके अलावा, घटना के दिन पीएचसी कांटाफोड़ से भी मारपीट संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी, जिसे जांच में शामिल किया गया।एफआईआर दर्ज होने के बाद अब मामले की विवेचना शुरू हो गई है। क्षेत्र में पहले से ही इस घटना को लेकर आक्रोश बना हुआ है, और अब एफआईआर के बाद लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं किआरोपियों की गिरफ्तारी कब होगी,क्या निष्पक्ष जांच हो पाएगी,क्या पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा यह मामला अब केवल एक मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की जवाबदेही और आदिवासी समाज के साथ न्याय का बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

इन वनकर्मियों पर लगा आरोप

जांच में सामने आया कि घटना के दौरान वन विभाग के निम्न कर्मचारी शामिल थेडिप्टी रेंजर नंदलाल गोस्वामी, वन रक्षक भारत सिंह,वन रक्षक गणेश नागर,सुरक्षा श्रमिक भीम सिंह मौके पंचनामा एवं गवाहों के बयानों में इन सभी पर मारपीट के आरोप सामने आए हैं। मेडिकल रिपोर्ट में भी चोटों की पुष्टि पुलिस जांच में सामने आया किः मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे कमर के ऊपर गहरे घाव, पैरों के पंजों में चोट शरीर पर सूजन और काले धब्बे पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण थ्रोम्बोएम्बोलिज़्म के चलते कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट बताया गया है।, वहीं चिकित्सकीय अभिमत में यह भी माना गया कि चोटों के कारण मृत्यु की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

देवास के खिलाड़ी करेंगे मध्य भारत खो-खो टीम का प्रतिनिधित्व

देवास। एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन ऑफ देवास जिला सचिव जयंत वर्मा, सहसचिव अमन श्रीवास ने बताया कि ओढिसा के कटक में 30 मार्च से 02 अप्रेल तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में देवास जिले के व्हीआईएस स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाडी देव डोरिया (कप्तान), मंदीप चौधरी, चिराग बोडाना, हिमांशी पंचाल, कनक चौधरी मध्य भारत टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पदाधिकारी राजेश सरवटे,

रितेश मिश्रा, दिग्विजय झाला, जसपाल सेंधव, मैडी वर्मा, तन्मय गौतम, महेश सोनी, आयुष श्रीवास, सुयश पासी, सन्तोष उज्जैनी, अभिषेक पटेल, आदित्य श्रीवास्तव, योगेश राजपूत, विजय मकवाना ने खिलाडियों को शुभकामनाएं दी।

नरवाई जलाने पर की कार्रवाई

देवास। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा क्षेत्र में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वालो के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया है। जिसके अंतर्गत फसल अवशेष (नरवाई) के जलाने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच.एन.बाथम के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल.आर.) बबीता बामनिया के निर्देशन में थाना प्रभारी विजयागंजमंडी निरीक्षक आलोक सोनी मय फोर्स के सूचना पर ग्राम सुमराखेडा पहुंचे जहां नरवाई जलाते हुए पाए जाने पर आरोपी आदील पुत्र ताज मोहम्मद निवासी ग्राम सुमराखेडा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 32/2026 धारा 223 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । थाना प्रभारी विजयागंज मंडी निरीक्षक आलोक सोनी,सउनि सुरेश ठक्कर,सउनि स्वतंत्र सिह तोमर,प्रआर तुफान सिह,प्रआर संतोष नवरंग,आर विक्की जुनवाल,आर राहुल चौहान की सराहनीय भूमिका रही ।

एक नजर में

रामनवमी पर भंडारे का आयोजन

सोनकच्छ। श्री रामनवमी के पावन अवसर पर श्री खेड़ापति मित्र मंडल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल द्वारा पिछले 7 वर्षों से लगातार इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। पर्व को लेकर नगर व क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। दोपहर 12 बजे विधि-विधान से श्री रामलला की आरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। इधर खेड़ापति मंदिर पर भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडली द्वारा मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया । जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

अंबिका माता मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा

भोंरासा। चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में अंबिका माता मंदिर छिपापुरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संतोष राठौर ने बताया कि यहां पर पिछले चौबीस, पच्चीस सालों से यहां पर प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन होता आ रहा है जो आगे भी जारी रहेगा यहां पर नो दिनों तक माता की पूजा अर्चना की जाती है व मटकी रखकर प्रतिवर्ष नो दिनों तक अखंड ज्योत जलाई जाती है इसी तरह इस वर्ष भी नो दिनों तक माता की ज्योत जलाकर पूजन अर्चन की गई व आज छिपापुरा मैं स्थित मां अंबिका का गरबा मंडल भौरासा के तत्वाधान में एक विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ जो शाम 6 बजे से शुरू हुआ और देर रात्रि तक चलता रहा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भंडारे का नगर के लोगों के द्वारा लाभ लिया गया उक्त जानकारी जितेंद्र राठोर, धर्मेंद्र राठोर, दुर्गेश राठोर, रवि राठोर ,अर्जुन राठोर, ने दी व इस भंडारे में पूरे छिपे मोहल्ले की महिलाओं व पुरुषों का विशेष सहयोग रहता है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़ों का विवाह

भौरासा। हर साल की तरह इस साल भी लोधी समाज भौरासा के द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन आज रामनवमी के उपलक्ष में दिनांक 27 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रखा गया जिसको लेकर पिछले कई दिनों से समिति बड़ी जोर शोर से तैयारी कर रही थी इसी के तहत कस्बा भोरासा में 18 वी बार लगातार लोधी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के द्वारा लोधी समाज राम मंदिर प्रांगण में सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 12 जोड़ो का विवाह हुआ जिन्हें नगर परसाई संजय कुमार जोशी, पंडित संतोष शर्मा, पंडित विवेक शर्मा, के द्वारा कराया गया इस सम्मेलन में इंदौर उज्जैन शाजापुर, मक्सी, शुजालपुर आष्टा सीहोर देवास सोनकच्छ पिपलरावा कमलापुर हाटपिपलिया नेवरी चापड़ा अमरपुरा खटांबा जामगोद सहित कई क्षेत्रों से दूल्हा दुल्हन पहुंचे थे साथ ही सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे नगर के गणमान्य नागरीकगण मौजूद रहे एव बाहर से पधारे सभी अतिथियों का साफा बांधकर समाज जनो द्वारा सम्मान किया गया उक्त जानकारी सामूहिक विवाह समिति के छगन लोधी ने दी वही बाहर से पधारे सभी समाज जनों व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

सुख-समृद्धि के लिए श्मशान भैरव मंदिर पर किया हवन, डाली आहुति

सोनकच्छ। श्री शिवशक्ति अघोरीधाम के अघोरी नाथ घनश्याम नाथ के सानिध्य में उनके शिष्यों द्वारा क्षेत्र की सुख-समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य के लिए महाष्टमी की रात्रि श्मशान में भगवान शिव, मां कालका, श्मशान कालिका, श्मशान भैरव, क्षेत्रपाल महाराज, स्थान देवता आदि भगवानों की पूजा अर्चना की गई। शिष्यों ने यहां हवन पश्चात मां जगतजननी, महादेव व भैरव बाबा की आरती कर प्रसादी का वितरण किया। हवन से पूर्व शिष्यों द्वारा मंदिर में विभिन्न यंत्रों की सरंचना भी की गयी।

शराब पिलाने के बहाने साथ ले जाकर पत्थर से कुचला

- पैसे के लेन-देन को लेकर चल रहा था विवाद
- 24 घंटे के भीतर अंधेकत्ल का पर्दाफाश

देवास। जिले के खातेगांव में 25 मार्च को हुए एक अंधे कटले का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कर दिया ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी सुनील अग्रवाल को हिरासत में लिया गया।

25 मार्च को रेहान बी निवासी डाक बंगला मैदान खातेगांव अपने पति हनीफ शाह के लापता होने की सूचना थाने में दी उसी दिन हनीफ शाह का शव चिमटा वाले बाबा के रास्ते पर पड़ा मिला परिजनों ने हत्या की आशंका जताई जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की मामले की गंभीरता को देखते हुए देवास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन और एसडीओपी कन्नौद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी की टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खगाले इसी दौरान आरोपी सुनील अग्रवाल की पहचान हुई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक हनीफ शाह से उसका 50 हजार रुपए का लेनदेन था, उधर राशि न मिलने पर उसने हनीफ शाह को शराब पिलाकर सुनसान जगह ले जाकर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पहचान छुपाने के लिए कदम उठाया पुलिस ने आरोपी सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है इस सफल खुलासे के लिए पुलिस टीम को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

जीवन में सफलता तभी मिलती जब लक्ष्य निर्धारित हो : पराशर

भौंरासा। नगर के विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे कक्षा 10 वी का दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप मे इंदौर विभाग के विभाग समन्वयक प्रवीण पराशर, विशेष अथिति संजय जोशी (अध्यक्ष नगर परिषद), जयसिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष नगर परिषद), अध्यक्षता जमनालाल माली (समिति अध्यक्ष) ने की।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर पूजन किया, उसके

बाद वर्ष भर विद्यालय मे आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता, गतिविधियों एवं परीक्षा मे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भैया / बहिनो को पुरस्कार वितरण किया गया साथ हि कक्षा 10 वी के भैया / बहिनो की और से भी विद्यालय को भेंट प्रदान की और कक्षा 10 वी के भैया / बहिनो को भी कक्षा द्वितीय से नवमी तक के भैया बहिनो नें भेंट प्रदान की। साथ नगर के समस्त वार्डों से आमंत्रित आंगनबाड़ी सहायिकाओं द्वारा भी विद्यालय को भेंट प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यअथिति द्वारा अपने वक्तव्य मे कहा की विद्यार्थी जीवन अविरल चलता रहता है, विद्यार्थी एक जगह से दूसरी जगह जाता है किन्तु विद्या अध्ययन समाप्त नही होता है, और जीवन मे सफलता तभी मिलती जब लक्ष्य निर्धारित हो, और उसे पाने का दृढ़ निश्चय हो। इस अवसर पर, नगर के समस्त वार्डों की आंगनबाड़ी सहायिकाएं एवं मनोज जोशी , धनसिंह सेंधव , मुकेश माली , मनोहरलाल राठौर , बंसीलाल कारपेंटर , भादरसिंह सेंधव , यशवंतसिंह राजपूत , हिम्मतसिंह ठाकुर कीर्ति बंड , जितेनसिंह कुशवाह एवं गणित शिक्षण समिति के सभी सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रेम और सद्भाव का फैलाया संदेश

देवास। देवास के रामाश्रय होटल में रविवार को बड़े ही धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युपी और बिहार के सामाजिक संगठन सर्वकल्याण पुर्वांचल सेवा समिति (रजिव) के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शुरुआत फूलों की होली और पारंपरिक गीत-संगीत के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सद्भाव का संदेश फैलाया। बच्चों और युवाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। जिसका सभी ने आनंद लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जिला समरसता अमर देव ठाकुर ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने मिलकर स्वच्छ और सुरक्षित होली मनाने का संकल्प लिया। अंत में समिति के कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह, महासचिव दिनेश यादव, सचिव महेन्द्र यादव एवं उपाध्यक्ष महेश यादव ने भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

डॉ. बामनिया को मिलेगा अम्बेडकर कीर्ति सम्मान

टोंक खुर्द। अखिल भारतीय कबीर मठ सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू व डॉ.अम्बेडकर प्रतिमा अनावरण सेवा समिति रोहिणी के संयुक्त तत्वावधान में होगा। आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती महोत्सव पर उनकी प्रतिमा अनावरण समारोह में 14 अप्रैल को बाबा साहब स्मारक स्थल ग्राम पंचायत भवन रोहिणी जिला नागौर राजस्थान में जनपद आष्टा के दूरदर्शन एवं आकाशवाणी गायक कलाकार डॉ.हेमराज सिंह बामनिया को डॉ.अम्बेडकर कीर्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा।

एक नजर में

देश और विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, प्राध्यापकों के साथ ही विद्यार्थियों की सहभागिता रही

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में अंतराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

देवास। श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास म.प्र. के वाणिज्य संकाय द्वारा एवं आंतरिक गुणवक्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वाधान में उद्यमिता, कौशल विकास और स्टार्टअप में उभरते रूझान विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन हाईब्रीड मोड (ऑनलाइन/ऑफलाइन) में सम्पन्न हुआ। इस सेमीनार में देश एवं विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं दिप प्रज्जवलन के साथ हुआ । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.पी.एस.राणा तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. आर. एस. अनारे, डॉ. बी. एस. जाधव, डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. विद्या माहेश्वरी, डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. मनोज मालवीय ने मंच साझा किया। उदघाटन सत्र में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थित रिसोर्स पर्सन डॉ. गौरव खन्ना पारुल यूनिवर्सिटी गुजरात, डॉ. बबीता कडकिया एडिशनल डायरेक्टर आर एन ए इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ इंदौर, डॉ .मीरा ठाकुर अबू धाबी यूएई का औपचारिक स्वागत किया गया। संगोष्ठी के प्रारम्भ डॉ. विद्या माहेश्वरी विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने कार्यक्रम की पृष्ठ भूमि एवं प्रांसगिकता पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात आयोजन सचिव डॉ. मनोज मालवीय ने संगोष्ठी की रूपरेखा व उदेश्य स्पष्ट किया। उदघाटन का संचालन करते हुए डॉ. संजय गाडगे ने सेमीनार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस सत्र में कि -नोट स्पीकर के रूप में पारूल युनिर्वसीटी के डॉ. गौरव खन्ना ने अपने उदबोधन में वैश्विक परिदृश्य में उद्यमिता के महत्व, कौशल विकास की अनिवार्यता तथा स्टार्टअप संस्कृति के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। सेमीनार कुल तीन तकनीकि सत्रों में सम्पन्न हुआ जिनमें कुल 150 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया इनमें से 16 चयनित शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया।प्रथम सत्र की चयरपर्सन के रूप में डॉ. दीप्ति ढवले व रिर्पोटियर डॉ. लता धुपकरिया व डॉ. ममता लावरे रही। द्वितीय सत्र मे विशिष्ट वक्ता के रूप में दो बबीता करकिया ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने उद्यमिता, कौशल विकास और स्टार्टअप में उभरते रूझान के नए आयामो और चुनौतियों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस सत्र की चेयरपर्सन के रूप में डॉ. रश्मि ठाकुर व रिर्पोटियर के रूप में डॉ. अराधना डिकूना व डॉ. जरीना लोहावाला रही। सेमीनार के अंतिम सत्र में डॉ मीरा ठाकुर ने अपना व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने उद्यमिता स्टार्टअप एवं रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस सत्र की चेयर पर्सन के रूप में डॉ. ममता झाला व रिर्पोटियर के रूप में डॉ. लीना दुबे व डॉ. रेखा कौशल रही।